आर.एन.आई. नं. RAJBIL/2010/52404

परम पू. कैलाश जी 'मानव'

सेवा सौभाग्य

अम्बानी और पीरामल परिवार का अभिनन्दन

ईशा-आनन्द के पाणिग्रहण से पूर्व अम्बानी परिवार ने कराया सेवामहातीर्थ में दिव्यांग बच्चों को स्नेह भोज



मूल्य » ₹ 5 ● वर्ष-08 ● अंक » 86 ● मुद्रण तारीख » 1 जनवरी-2019 ● कुल पृष्ठ » 24

खुशियों के पल आपके संग

जी हाँ, इन दिव्यांग जोड़ों को अपना आशीर्वाद देने ज़रूर-ज़रूर पधारें

जोड़ा संख्या	मेहंदी	श्रृंगार	पोषाक	बिन्दौली वरमाला	वर-माला	पणि-ग्रहण संस्कार	उपहार	बारात आवा-गमन	भोजन (6 व्यक्ति) 3 दिन	कुल सहयोग राशि (रु)	आंशिक कन्या दान (एक मुश्त)	कन्या दान धर्म माता-पिता (एक मुश्त)
1	1000	5500	6500	3100	1100	10000	16800	5000	6000	55000	21000	51000
2	2000	11000	13000	6200	2200	20000	33600	10000	12000	110000	42000	102000
3	3000	16500	19500	9300	3300	30000	50400	15000	18000	165000	63000	153000
5	5000	27500	32500	15500	5500	50000	84000	25000	30000	275000	105000	255000
11	11000	60500	71500	34100	12100	110000	184800	55000	66000	605000	231000	561000
21	21000	115500	136500	65100	23100	210000	352800	105000	126000	1155000	441000	1071000
51	51000	280500	331500	158100	56100	510000	856800	255000	306000	2805000	1071000	2601000

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सेवा सौभाग्य
1 जनवरी, 2019

वर्ष 08 अंक 86 मूल्य ₹ 05

कुल पृष्ठ » 24

संपादक मंडल

मार्ग दर्शक » कैलाश चन्द्र अग्रवाल
सम्पादक » प्रशान्त अग्रवाल
डिजाइनर » विरेन्द्र सिंह राठौड़

संपर्क (कार्यालय)

Sewa Parmo Dharm
MAKE GIVING YOUR HABIT

सेवा परमो धर्म ट्रस्ट
हिरण मगरी, सेक्टर-4
उदयपुर (राज.)-313002
फोन नं. : 0294-6655555
फेक्स नं. : 0294-6655570
मो नं. : 09929777773

Web » www.spdtrust.org
E-mail » info@spdtrust.org

CONTENTS

इस माह में

पाठकों हेतु

शिक्षा सहयोग — प्रकाश के सपनों को मिलें पंख

06

अन्य स्तंभ

- अपनों से अपनी बात 04
- सेहत के लिए स्वास्थ्य वर्धक 'सेब' 05
- स्पाइनल कोड सर्जरी में मदद 06
- संतोष का पर्याय प्रसन्नता 07
- दिल्ली में दिव्यांग रैम्प वॉक 08

उड़ान — अलवर में दिव्यांग टैलेंट व सम्मान समारोह

10

- जीवन बदल सकती है आईटी 09
- अम्बानी का अभिनन्दन 11
- न्यायिक अधिकारियों का स्वागत 12
- आईएसटीएम ग्रुप का पदार्पण 13
- समन्वय के प्रतीक हैं, शिव 14
- झीनी-झीनी रोशनी (2) 15

सहायता — आपश्री की प्रतीक्षा में.....

17

- परिणय सूत्र में बंधा निर्धन जोड़ा 16
- दानवीर भामाशाहों का आभार 16
- शिविर सहयोग 18
- दान सहयोग हेतु अपील 17
- संस्थान के आश्रम 21
- संस्थान के बैंक एकाउण्ट नम्बर 23

अपनों से अपनी बात

पू. कैलाश 'मानव'

सेवा ही बड़ा धर्म

'परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई' गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार पीड़ित की सेवा सबसे बड़ा धर्म है और दूसरों को दुख पहुंचाने के समान कोई पाप नहीं है।

गुरू नानकदेव जी शिष्य मर्दाना के साथ एक गांव में पहुँचे। गांव के बाहर एक झोंपड़ी में कुष्ठ रोगी रहता था। लोग उससे घृणा करते। कोई भी उसके पास नहीं जाता। कभी कोई उसे भोजन दे जाता अन्यथा भूखे रहना ही उसकी नियती थी। गुरू नानकदेव जी झोपड़ी में गए और पूछा- भाई, हम आज रात तुम्हारी झोंपड़ी में रूकना चाहते हैं? अगर तुम्हें कोई परेशानी ना हो तो। यह सुनकर वह हैरान हो गया, क्योंकि उसके पास कोई आना ही नहीं चाहता फिर ये कैसे उसके पास रूकने को तैयार हुए? वह सिर्फ उन्हें देखता रहा। उसके कोढ़ ग्रस्त अंग में कुछ बदलाव आने लगे। नानकदेव जी ने मर्दाना को रबाब बजाने को कहा और उन्होंने कीर्तन आरंभ कर दिया। कोढ़ी ध्यानपूर्वक सुनता रहा। जब कीर्तन समाप्त हुआ, तो उसने गुरूजी के चरण स्पर्श किए। गुरू नानकदेवजी ने उससे पूछा- भाई, कैसे हो? गांव के बाहर झोंपड़ी क्यों बनवाई है? उसने उत्तर दिया- मैं बहुत बदकिस्मत हूँ। मुझे कुष्ठ रोग है, कोई मेरे पास नहीं आता। कोई मुझसे बात नहीं करता। अपनों ने भी मुझे घर से निकाल दिया। मैं दुर्भाग्यशाली और धरती पर बोझ हूं। गुरू नानकदेव जी ने कहा-बोझ तुम नहीं वे लोग हैं जिन्होंने पीड़ित पर भी दया नहीं की और अकेला छोड़ दिया। आओ मेरे पास, मैं भी तो देखूँ, कहाँ है कोढ़? जैसे ही गुरूनानकदेव जी ने उसके हाथों और पीठ को सहलाया, वह पूरी तरह से स्वस्थ हो गया। इस चमत्कार से अभिभूत वह गुरूजी के चरणों में गिर पड़ा। उन्होंने उसे उठाकर गले लगाते हुए कहा- प्रभु का स्मरण और लोगों की सेवा करो, यही मनुष्य के जीवन का प्रमुख कार्य है। उसके पश्चात् वह अन्य कोढ़ियों की सेवा में लग गया और ऐसी ख्याति पाई कि सभी उसका आदर करने लगे।

प्रेरक प्रसंग

'सेवक' प्रशान्त भैया

पाप का व्यापार

व्यसन के साधन तन-मन-धन तथा परिवार के लिए घातक हैं, फिर भी इनका प्रयोग लोग धडल्ले से करते हैं। ईश्वर ने जो होंठ, प्रार्थना-कीर्तन और हाथ, पूजा करने के लिए दिये हैं, उन्हें व्यसनों का आदी मत बनाइये।

एक बार महाकवि कालिदास घूमते-घूमते बाज़ार गए। बाज़ार में भीड़-भाड़ थी। उन्होंने देखा कि एक महिला एक बड़ा-सा मटका और कुछ प्याले अपने पास रखे हुए ग्राहकों को जोर - जोर से आवाज देकर बुला रही थी। कालिदास महिला के पास गए और पूछा- तुम क्या बेच रही हो?

महिला ने सहजता से उत्तर दिया- महाराज मैं पाप बेच रही हूँ। महिला का उत्तर सुनकर कालिदास चौंक गये और बोले- पाप और वह भी मटके में! महिला ने उत्तर दिया- हाँ महाराज जी, मटके में पाप है। कालिदास ने पुनः पूछा- कौनसा पाप है मटके में? तब महिला ने उत्तर दिया- मटके में आठ पाप हैं। मैं आवाज लगाती हूँ कि पाप ले जाओ, पाप ले जाओ और लोग रूपये देकर पाप ले जाते हैं। महिला की बात सुनकर कालिदास और अधिक अचम्भित हो गए और बोले- यह कैसी बात है कि लोग रूपये देकर पाप खरीदते हैं। महिला ने कहा- लोग पैसे देकर आठ तरह के पाप ले जाते हैं। अब कालिदास ने पूछा- कौनसे आठ पाप? महिला ने उत्तर दिया- क्रोध, बुद्धि नाश, पुण्य का नाश, स्वास्थ्य का नाश, धन का नाश, पत्नी और संतान के साथ अत्याचार, चोरी, असत्य आदि दुराचार रूपी पाप भरे हैं इसमें। महिला की बात सुनकर कालिदास को कौतूहल हुआ कि मटके में इस प्रकार के आठ पाप भी हो सकते हैं। उन्होंने महिला से पूछा- अन्ततोगत्वा, इसमें है क्या? तब महिला ने कहा- इसमें मदिरा (शराब) है। कालिदास महिला की कुशलता पर चकित रह गए। मदिरा में वास्तव में पाप होते हैं, यह बात तुम अच्छी तरह से जानती हो और तुम यह बात कहकर बेचती भी हो, लेकिन फिर भी लोग रूपये देकर इसे ले जाते हैं। यह तो लोगों की नासमझी है।

मौसम का फल

सेहत के लिए स्वास्थ्य वर्धक 'सेब'

फल कुदरत की एक अनुपम भेट है। फलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। यह हमारी क्षमताओं को बढ़ाने में सहायक होते हैं। इन्हीं फलों में से एक है सेब। सेब गुणों की खान है। यदि प्रतिदिन एक सेब खाया जाए तो डाक्टर को बुलाने की जरुरत नही पड़ती। सेब कई किस्मों में पाया जाता है। इसमें विटामिन ए, बी व सी प्रचुर मात्रा में होते हैं। सेव शक्तिवर्धक है। इसके प्रयोग से हृदय, मस्तिष्क, आमाशय व यकृत को बल मिलता है। बीमार लोगों को और बीमारी के बाद भी डॉक्टर सेब का अधिक सेवन करने की सलाह देते हैं।

रोजाना एक सेब खाने से व्यक्ति को कब्ज नहीं होता। क्योंकि सेब का रस पाचन शक्ति को तेज करता है। इससे दांत भी मजबूत रहते हैं। गठिया रोग में सेब अत्यंत लाभदायक है। ज्वर, पथरी , सिरदर्द, शारीरिक कमजोरी, सांस की बीमारी से ग्रस्त रोगियों हेतु यह एक उत्तम फल है । सेब को दवाई के रुप में निम्न प्रकार से प्रयोग में किया जाता है।

- दिमागी कमजोरी में खाना खाने से पहले कुछ दिन तक सेब चबा- चबाकर खाएं।
- अधिक उल्टियां आने पर सेब में थोड़ा सा नमक मिलकर रोगी को पिलाएं। इससे उल्टी आना बंद हो जाती है।
- रात को सोते समय नित्य एक सेब 10 - 15 दिन तक लगातार खाएं। पेट के कीड़े खत्म हो जाएंगे। ध्यान रखें की सेब खाने के बाद पानी न पियें। सेब में थोड़ा सा नमक लगाकर खाली पेट सुबह - सुबह खाएं। इस तरह थोड़े दिन तक नियमित प्रयोग करने से पुराने सिरदर्द से मुक्ति मिलती है।
- बुखार के समय सेब का सेवन अच्छा रहता है।
- यदि आप भूख कम लगने से परेशान हैं तो कच्चे खट्टे सेब का रस निकालकर उसमें शक्कर मिलाकर एक दो कप 7-8 दिन तक पीएं भूख अच्छी लगने लगेगी।
- बिच्छू ने जिस जगह पर डंक मारा हो वहां सेब को बारीक पीसकर लेप लगाएं व उसी का थोड़ा सा हिस्सा रोगी को खिला दें। रोगी को राहत मिलेगी। यथासंभव शीध्र डॉक्टर को दिखा दें।
- सूखी खांसी होने पर सेब के रस में थोड़ी सी मिश्री मिलाकर पियें।
- सेब का रस खूनी बवासीर में लाभप्रद है। इसका रस मस्सों पर लगाने से उनमें खून आना बंद हो जाता है।
- इसके अतिरिक्त सेब मुरब्बा व शरबत के रुप में भी प्रयोग किया जाता है। इसका मुरब्बा खाने से जहां मस्तिष्क और हृदय को शांति मिलती है, वहीं नींद भी अच्छी आती है।

चिकित्सा सहयोग

स्पाइनल कोड सर्जरी में मदद

एक ओर गरीबी और दूसरी ओर बेटे की रीढ़ की हड्डी में जन्मजात गंभीर बीमारी। आठ साल बीत गए नियमित और सटीक इलाज न हो सकने के कारण बीमारी बढ़ने के साथ मां- बाप की आंखो में बहते आंसू भी सूख गए। यह हृदय विदारक स्थिति थी, मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर में रहने वाले अजय श्रीवास के परिवार की। वे शहर की एक साउण्ड सिस्टम कंपनी में बतौर हेल्पर काम करते हुए चार - पांच हजार रुपये माहवार कमाते हैं। परिवार में सात सदस्यों का भरण - पोषण भी बमुश्किल हो पाता है। इसके बावजूद भी जहां से भी कर्ज मिला, उससे बच्चे रुद्राक्ष (8) का शहर और बाहर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवाया। लेकिन इस समस्या से निजात का एकमात्र विकल्प सर्जरी था और उसके लिए मोटी राशि की आवश्यकता थी, जो इनके पास थी नहीं। तभी उन्हें किसी ने नारायण सेवा संस्थान के निशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए संस्थान में संपर्क की सलाह दी। इस पर माता - पिता रुद्राक्ष को लेकर उदयपुर आए और संस्थान अध्यक्ष श्री प्रशांत जी अग्रवाल से मिले। उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति और अब तक के इलाज और खर्च की जानकारी दी। अग्रवाल ने रुद्राक्ष के स्पाइनल कोड की सर्जरी के लिए भामाशाहों से संपर्क कर 1 लाख 82 हजार रुपए की राशि की व्यवस्था की। जिससे सर्जरी होकर रुद्राक्ष को कष्ट से जल्द ही निजात मिलेगी।

कूल्हे के दर्द से मिली राहत

बलिया उत्तर प्रदेश निवासी आशा देवी के कूल्हे की सर्जरी में संस्थान ने दो लाख का सहयोग कर उन्हें वर्षों की पीड़ा से निजात दिलाई । आशा (25) कई वर्षों से कूल्हे में दर्द की पीड़ा झेल रही थी । कई अस्पतालों में इलाज भी करवाया लेकिन दर्द बढ़ता ही गया । पति मुन्ना यादव ने मजदूरी के पैसों से बचत एवं थोड़ा कर्ज लेकर एक बड़े अस्पताल में जाँच करवाई तो पता चला कि कूल्हे की हड्डी गलती जा रही है और सर्जरी ही इस रोग से निजात का एक मात्र विकल्प है। ऑपरेशन का खर्च दो लाख के करीब बताया गया। गरीब मुन्ना यादव पर आसमान टूट पड़ा। इतनी बड़ी राशि का इन्तजाम उसके लिए कोरा सपना था। जिसका कोई सहारा नही होता,ईश्वर उसकी मदद करते हैं। एक परिचित ने उन्हें नारायण सेवा संस्थान से सम्पर्क करने की सलाह दी। दोनों पति-पत्नी उदयपुर आए और संस्थान अध्यक्ष श्री प्रशांत जी अग्रवाल को स्थिति से अवगत कराया। आशा के ऑपरेशन के लिए दो लाख की राशि स्वीकृत की गई, जिससे हाल ही में उनका सफलता पूर्वक ऑपरेशन हुआ, पीड़ा से निजात मिल गई।

शिक्षा सहयोग

प्रकाश के सपनों को मिले पंख

नाम प्रकाश था किन्तु जीवन उसे अंधकार में दिख रहा था। वह खूब पढ़कर परिवार और गांव के लिए कुछ करना चाहता था। लेकिन आर्थिक समस्या उसके इस सपने को पूरा करने में बाधक थी। ऐसे में नारायण सेवा संस्थान उसका मददगार बना और आगे की पढ़ाई का रास्ता खोलकर उसके सपनों को पंख लगा दिए। राजस्थान के उदयपुर जिले के आदिवासी क्षेत्र कोटड़ा निवासी प्रकाश बम्बुरिया ने बचपन में ही माता-पिता को खो दिया था। दादा-दादी उसकी परवरिश तो करते रहे लेकिन गरीबी और वृद्धावस्था के कारण वे न तो अपनी और न ही बच्चे की देखभाल ठीक से कर पा रहे थे। इसी दौरान संस्थान का कोटड़ा में सेवा शिविर था । जिसमें ट्रस्ट के शिविरकर्मियों द्वारा बच्चे की हालत देखकर उसे संस्थान में लाने का निर्णय लिया गया। उसे नारायण चिल्ड्रन एकेडमी में भर्ती किया गया। पांच वर्ष की उम्र से प्रकाश ने संस्थान में रहते हुए अपनी ग्यारवीं तक की पढाई पूरी की। इस होनहार ने 10 वीं बोर्ड की परीक्षा करीब 73 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण की है। प्रकाश की काबिलियत को देखते हुए संस्थान अध्यक्ष प्रशांत जी ने बाहरवीं में अच्छे अंक हासिल करने के उद्देश्य से उसे एक जाने -माने कोचिंग सेन्टर से कोचिंग का निर्णय लिया । जिसके लिए 6500 रुपये शिक्षण शुल्क के रुप में प्रदान किए गए। ताकि वह अपनी मेहनत और योग्यता के बल पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर जीवन को अपने नाम के अनुरुप सार्थक कर सके।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सत्संग

संस्थान के लियों का गुड़ा (बड़ी) स्थित सेवा महातीर्थ में 20 से 24 व 25 से 27 नवम्बर तथा 5 से 7 व 10 से 13 दिसम्बर, 2018 तक पूज्य गुरुदेव श्री कैलाश जी 'मानव' ने 'श्रीराम- कृष्ण अवतार कथा'एवं सत्संग तथा संस्थान अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल ने देश के विभिन्न भागों से निशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए संस्थान में आने वाले दिव्यांग भाई-बहिन एवं उनके परिजनों से अपने विचार साझा किये। 'संस्कार', 'सत्संग'और आस्था भजन चैनलों पर देश भर में प्रसारित उनके विचारों को यहां संक्षिप्त रुप में प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन श्री महिम जैन व श्री ओमपाल सिलन ने किया।

संतोष का पर्याय प्रसन्नता

यदि व्यक्ति का आचरण पवित्र और पुनीत हो तो जीवन ही श्रेष्ठ बन जाता है। राम-कथा श्रेष्ठ जीवन और श्रेष्ठ आदर्शों का पथ प्रशस्त करती है। जिस प्रकार पारस का स्पर्श होने पर लोहा भी सोना बन जाता है। उसी प्रकार यदि मनुष्य को सत्संग मिल जाए तो जीवन सार्थक हो जाए। रामनाम के आश्रय से सभी पापों का नाश होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। रामनाम के जाप से जीवन शांतिपूर्ण एवं सुखमय हो जाता है।

भगवान श्रीकृष्ण चंचल जरूर थे, मगर उनका आत्मबल प्रबल था। हमें भी अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत रखने के लिए मन में अच्छे विचारों का बीजारोपण करना चाहिए। जिससे मन जागृत होगा और जीवन को समझने का ज्ञान प्राप्त होगा। जिस व्यक्ति में थोड़े में संतुष्ट रहने की प्रवृत्ति है, वह हमेशा प्रसन्न रहता है, जबकि लोभी को कितना ही धन मिल जाए, फिर भी वह संतुष्ट नहीं होता। जीवन और परिवार में खुशी तभी आ सकती है, जब मन प्रसन्न होगा। मन तभी प्रसन्न होगा, जब आत्म संतुष्टि होगी। सत्संग का अर्थ है सत्य का संग, जो सत्य के मार्ग पर चलता है उसका समस्त जीवन सुखमय हो जाता है।

पू. कैलाश जी 'मानव'

राग को अनुराग में बदलें

अनेक उपलब्धियों के बाद भी मनुष्य का जीवन अशांत और तनाव से भरा है। वर्तमान दौर में लोगों का दृष्टिकोण बदल गया है। इसलिए आत्मचिंतन की जरूरत है। ईश्वर को देखने के लिए ज्ञान और वैराग्य की दृष्टि रखना होगा। वे सामने खड़े हैं, लेकिन हमारा विवेक काम नहीं कर रहा है। इस कारण परमात्मा के दर्शन से वंचित हैं। राग को अगर भगवान के चरणों से जोड़ दें तो वह अनुराग बन जाएगा। यदि व्यक्ति का आचरण पवित्र और पुनीत हो तो जीवन ही श्रेष्ठ बन जाता है। सत्साहित्य और सत्संग श्रेष्ठ आदर्शों का पथ प्रशस्त करते हैं।

हमारा सद्व्यवहार ही जीवन की सफलता का आधार है। 'अच्छे बनो और अच्छे कर्म करो' यह सिद्धांत सत्य के सिद्धांत पर आधारित है। किसी वस्तु के गुण-दोषों को जानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि सत्य-असत्य के सिद्धांत को अपने पर लागू करें। हम यह सोचें कि जब हम अच्छा करेंगे, तो अनुभव भी अच्छा होगा। गलत कार्य का परिणाम सदैव दुखदायी होता है। दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करें, जैसा कि आप अपने साथ चाहते हैं। दृष्टिकोण सदैव सकारात्मक रखें।

'सेवक' प्रशान्त भैया

विश्व दिव्यांग दिवस

दिल्ली में दिव्यांग मॉडल्स ने किया रैम्प वॉक

दिव्यांग एवं टैलेंट शो का उद्घाटन करते अतिथि

संस्थान ने किया नई दिल्ली के लाल किला के 15 अगस्त पार्क में 'दिव्यांग टैलेंट और फैशन शो' का आयोजन

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने दिखाई दिव्यांगों की महारैली को झंडी

नई दिल्ली के लाल किले में 2 दिसम्बर को कुछ अलग ही माहौल था। मौका था अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की पूर्व संध्या पर नारायण सेवा संस्थान की ओर से दिव्यांगों के लिए आयोजित 'दिव्यांग टैलेंट और फैशन शो' का। इसमें बड़ी संख्या में दिव्यांग मॉडल्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान दिव्यांग मॉडल्स ने व्हीलचेयर, बैसाखी, कैलीपर और कृत्रिम अंग जैसी अलग-अलग श्रेणियों में फैशन शो के चार राउंड प्रस्तुत किए। हरेक राउंड में 10 मॉडल्स प्रतिभागी थे।

समारोह की शुरुआत जन्मजात विकार से अविकसित हाथों वाली दीया श्रीमाली के स्वागत नृत्य से हुई। समारोह उस समय और परवान चढा, जब व्हीलचेयर राउंड, बैसाखी राउंड और कैलीपर राउंड के बाद लघु नाटक और समूह नृत्य पेश किए गए। रैम्प वॉक और मंच पर स्टंट दिखाने के दौरान दिव्यांग कलाकारों का आत्मविश्वास देखते ही बनता था।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री प्रशांत जी अग्रवाल ने कहा, 'यह हैरानी की बात है कि दिव्यांगों के साथ समाज से बहिष्कृत व्यक्तियों जैसा बर्ताव किया जाता है। हमारा मानना है कि कोई भी खामी किसी व्यक्ति को वो सब कुछ हासिल करने से नहीं रोक सकती, जिसे हासिल करना उसके जीवन का लक्ष्य है। इस शो के दौरान स्टेज पर सब कुछ लाइव देखना अपने आप में एक ऐसा उदाहरण है जो दिखाता है कि हम दिव्यांगो को शारीरिक ,सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से निस्संदेह बेहतर काम कर रहे हैं। विशेष रूप से सक्षम लोगों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए यह दिन सबसे अच्छा अवसर है और हम इसे इसी तरह मनाते हैं।''

समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जो दिव्यांग लोगों के असाधारण हौसले और उनके हुनर को देखकर दंग रह गए। कार्यक्रम में संस्थान ने उन दिव्यांगों को कृत्रिम अंग भी प्रदान किए, जिनका पहले नाप लिया गया था। उन दानदाताओ का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने अक्षम लोगों की बेहतरी की दिशा में काम करने की राह में संस्थान का सहयोग किया है।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद जी गहलोत का अभिनन्दन करते संस्थान अध्यक्ष व दिव्याग का प्रदर्शन

दिव्यांगजन की महारैली

इससे पूर्व प्रातः 9 बजे लाल किला प्राचीर से केंद्रीय सामाजिक न्याय और सहकारिता मंत्री श्री थावर चंद जी गहलोत ने दिव्यांगों की महारैली को हरी झंडी दिखाई। जिसमें देश भर से 250 से ज्यादा दिव्यांगजनो ने भाग लिया । इस अवसर पर गहलोत ने कहा ' कि नारायण सेवा संस्थान ने मंत्रालय के साथ मिलकर दिव्यांगों के कल्याण के नए आयामों को स्थापित किया है । जिसमें निशुल्क ऑपरेशन करना, उन्हें तन से समर्थ बनाना, रोजगार देकर धन से समर्थ करना तथा विवाह कराकर सामाजिक रूप से समर्थ बनाना। संस्थान दिव्यांगो को मंच पर लाकर उनकी मन की दिव्यांगता को दूर करने में भी जुटा हुआ है ।' उन्होने बताया कि भारत में 5 जोन में नेशनल स्पोर्टस काम्प्लेक्स बनाए जा रहे हैं जिससे ओलिंपिक में दिव्यांग मेडल लाने में पीछे ना हटें। जिसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों को खेल कूद में प्रशिक्षित करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही, उनकी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे उत्तम प्लेटफार्म भी खड़े किए जा रहे हैं। रैली में विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री रमेश जी गोयल ग्रुप ऑफ होटल इंडस्ट्री और उद्योगपति एवं समाज सेवी श्री सत्यभूषण जी जैन भी मौजूद थे ''रैली को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री प्रशांत जी अग्रवाल ने कहा कि 'दिव्यांगों का विकास, साथ और समाज की मुख्यधारा में लाना ही हमारा कर्तव्य है। संचालन ओमपाल सीलन ने किया।

पहल

दिव्यांगों का जीवन बदल सकती है आईटी

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग लोगों के कौशल विकास हेतु एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय कार्ययोजना कार्यान्वित कर रहा है ताकि वे अपने रोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ा सकें।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री थावरचंद जी गहलोत ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी दिव्यांग लोगों के कौशल को बढ़ाने के साथ - साथ उनके संचार कौशल और रोजगार के अवसरों में सुधार भी कर सकती है। गत दिनों राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय आयोजन 'दिव्यागों के लिए वैश्विक आईटी चुनौती 2018' के समापन के अवसर पर उन्होंने कहा कि सूचना और कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी(आईसीटी) समावेशी शिक्षा प्रणाली को सुविधाजनक बनाने के अतिरिक्त उत्पादों और सेवाओं के लिए बेहतर पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।गहलोत ने इस आयोजन में भाग लेने वाले देशों से दिव्यांग लोगों में आईटी कौशल को बढ़ाने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया ताकि वे गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने विकलांगों के अधिकार अधिनियम 2016 को अधिनियमित किया है। इसका उद्देश्य समावेशी समाज निर्माण है और यह यूएनसीआईपीडी और सतत विकास लक्ष्यों से प्रेरणा हासिल करता है। जिसमें कहा गया -'पीछे किसी को नहीं छोड़ना है, उनका मंत्रालय दिव्यांग लोगों के कौशल विकास के लिए इस संबंध में एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय कार्य योजना कार्यान्वित भी कर रहा है।

उड़ान

अलवर में दिव्यांग टैलेंट व भामाशाह सम्मान समारोह

अलवर में टैलेंट शो के उद्घाटन का दृश्य

नारायण सेवा संस्थान की अलवर(राजस्थान) शाखा द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में 24 नवम्बर 2018 को संपन्न दिव्यांग टैलेंट शो में दिव्यागों के शारीरिक कौशल ने दर्शकों को चकित कर दिया। दिव्यांगजन ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए यह जता दिया कि इच्छा शक्ति मजबूत हो तो बड़ी से बड़ी बाधाओं से भी पार पाया जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ के तत्कालीन विधायक श्री ज्ञानदेव जी आहूजा थे। अध्यक्षता अग्रवाल महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील जी बंसल ने की। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की अलवर शाखा के अध्यक्ष श्री आर.एस वर्मा ने संस्थान के निशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि बेसहारा ,दिव्यांग व जरुरतमंद लोगो की सेवा व सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इस टैलेंट शो में दिव्यांगजन ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। उन्होंने बॉडी बिल्डिंग के माध्यम से शारीरिक सौष्ठव भी दिखाया। हौंसले से परिपूर्ण इन लोगों ने दिव्यांगता को कभी भी अपनी ज़िंदगी में अड़चन नहीं बनने दिया। इनमें से अधिकांश के पोलियो करेक्शन ऑपरेशन संस्थान के उदयपुर स्थित अस्पताल में हुए और ऑपरेशन के बाद वहीं उन्होंने स्वरोजगार के लिए मोबाइल सुधार, सिलाई एवं डिजाइनिंग, मेहंदी, कम्प्युटर, हाउस कीपिंग आदि प्रशिक्षण भी प्राप्त किए। उन दिव्यांगों ने भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से प्रतिभा का लोहा मनवाया जिनके संस्थान द्वारा ही मोड्यूलर कृत्रिम अंग लगाए गए थे। संस्थान की ओर से आयोजित इस अनूठे आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि श्री अग्रवाल महासभा के मंत्री श्री विष्णुदत्त जी गोयल,डॉ एस सी मित्तल,श्री गिरिश जी गुप्ता, संस्थान की नरवाना शाखा के संयोजक श्री धर्मपाल जी गर्ग व राजगढ़ उपशाखा के संयोजक श्री खेमसिंह जी आर्य थे।

ज़ज्बे को सलाम

नृत्य गीत व शारीरिक कौशल प्रदर्शन राउण्ड में दोनों पांवों से सागर (मध्यप्रदेश) के दिव्यांग युवा जगदीश पटेल ने व्हील चेयर पर अपने हाथों की विभिन्न मुद्राओं और संतुलन के साथ जब नृत्य किया तो पाण्डाल में देर तक तालियां बजती रहीं। ऐसा ही एक और मौका तब आया जब आगरा (उत्तरप्रदेश) के दोनों पांवों से दिव्यांग योगेश ने व्हील चेयर व फर्श पर विभिन्न मुद्राओं में नृत्य प्रस्तुतियां दी। चिराग पब्लिक स्कूल, नरवाना(हरियाणा) के बच्चों ने 'भ्रूण हत्या' व 'वृद्धाश्रम' पर नाटिका की प्रस्तुति से दर्शकों की आंखों को नम कर दिया। आरंभ में अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन संस्थान की अलवर शाखा के अध्यक्ष श्री आर. एस वर्मा , संस्थान के शाखा विभाग प्रभारी श्री राजेन्द्र सोलंकी, समारोह संयोजक श्री महेश जी दईया व श्री सुरेश जी नागपाल ने किया।संचालन ओमपाल सीलन ने किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

विशेष आयोजन

अम्बानी और पीरामल परिवार का अभिनन्दन

ईशानंद के पाणिग्रहण से पूर्व अम्बानी परिवार ने कराया सेवामहातीर्थ में दिव्यांग बच्चों को स्नेह भोज

अम्बानी व पीरामल परिवार के साथ संस्थापक चेयरमैन श्री मानव जी व परिवार

देश के सिरमौर उद्यमी श्री मुकेश जी अम्बानी-श्रीमती नीता जी अम्बानी की सुपुत्री सौ. कां ईशा अम्बानी की प्री वेडिंग (विवाह पूर्व) सेरेमनी 8-9 दिसम्बर 2018 को उदयपुर पैलेस व पिछोला झील किनारे एक होटल में विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें अमेरीका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की धर्मपत्नी हिलेरी क्लिंटन, हॉलीवुड-बॉलीवुड के नामचीन कलाकारों, क्रिकेटर्स, देश-विदेश के प्रमुख उद्योगपतियों व राजनेताओं ने भाग लिया। ईशा व अजय-स्वाति पीरामल के पुत्र आनंद की प्री वेडिंग सेरेमनी से पूर्व 7 दिसम्बर को अम्बानी परिवार ने नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ, बड़ी में दिव्यांग, निराश्रित, मूक -बधिर एवं निर्धन बच्चों को स्नेह भोज दिया। संस्थान के संस्थापक-चेयरमैन पद्मश्री कैलाश जी 'मानव' सह संस्थापिका श्रीमती कमला जी अग्रवाल, अध्यक्ष श्री प्रशांत जी अग्रवाल, निदेशक श्रीमती वंदना जी अग्रवाल एवं साधकों ने मुकेश जी अम्बानी, पुत्री ईशा जी व पुत्र अनन्त जी अम्बानी व वर पक्ष के श्री अजय पीरामल जी उनकी पत्नी श्रीमती स्वाति जी व पुत्र श्री आनंद जी पीरामल सहित दोनों परिवार के सदस्यों का स्वागत किया। दोनों ही परिवारों ने संस्थान के पोलियो अस्पताल में देश के विभिन्न भागों से पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए आए दिव्यांग बच्चों व उनके परिजनों से मुलाकात की और उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अम्बानी और पीरामल परिवार के प्रत्येक सदस्य ने नारायण सेवा संस्थान व संस्थापक श्री कैलाश जी मानव के पीड़ित मानवता के इस सेवा यज्ञ में अपनी ओर से भी सहयोग का आश्वासन दिया। दोनों ही परिवार संस्थान के निःशुल्क सेवा कार्यों से काफी अभिभूत हुए। उन्होंने प्रवेश द्वार पर संस्थान की दिव्यांग साधिका जया बेन द्वारा बनाई अम्बानी परिवार के मुखिया स्व. धीरुभाई अम्बानी व श्रीनाथ जी की रंगोली की प्रशंसा की। दोनों ही परिवारों ने काफी देर तक रुक कर बच्चों को स्नेह पूर्वक भोजन कराया।

बच्चों को स्नेह भोज कराते मुकेश जी व नीताजी अम्बानी

संस्थावलोकन

न्यायिक अधिकारियों ने सराही सेवाएं

➲ लियों का गुड़ा स्थित नारायण सेवा संस्थान के चैनराज सावंतराज पोलियो हॉस्पीटल का 25 नवम्बर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय प्रभा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय ब्रजेन्द्र रावत व कोर्ट मेनेजर सुनील जैन ने अवलोकन किया। इससे पूर्व उन्होंने जन्मजात पोलियोग्रस्त बच्चों के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संस्थापक पूज्य श्री कैलाश जी मानव की पीड़ित मानवता विशेषकर दिव्यांगजन की चिकित्सा एवं सहायता के क्षेत्र में समर्पित सेवाओं की सराहना की। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बच्चों व किशोर-किशोरियों की कुशलक्षेम पूछी। दिव्यांगों के लिए निशुल्क चलाए जा रहे मोबाइल सुधार, सिलाई, कम्प्यूटर आदि रोजगारपरक प्रशिक्षण केन्द्रों का भी अवलोकन किया। इस विशेष चिकित्सा शिविर में उत्तरप्रदेश,पंजाब,झारखण्ड, राजस्थान गुजरात,दिल्ली आदि राज्यों के बच्चों के ऑपरेशन हो रहे हैं। परिसर प्रभारी अनिल आचार्य ने उनका स्वागत किया। महिम जैन ने संस्थान के विविध सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी।

शिविर

असहायों को मिला सहारा

अम्बाला में कृत्रिम अंग नाप शिविर

➲ नारायण सेवा संस्थान एवं महाराजा अग्रसेन मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में 18 नवम्बर 2018 को अम्बाला (हरियाणा) के शहजादपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, में जन्मजात पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए चयन एवं जरुरतमंद दिव्यांगो को सहायक उपकरण वितरण के लिए शिविर संपन्न हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि सीताराम नाम बैक के जिला वाईस चेयरमैन श्री रजनीश जी शर्मा ने किया। अध्यक्षता शाखाध्यक्ष श्री अजीत कुमार जी शास्त्री ने की। विशिष्ट अतिथि श्री संदीप शंकर जी, श्री अंकुर जी गोयल, श्री मुकुट बिहारी जी, श्री संजय जी गोयल, श्री अमरनाथ जी घिनामा, श्री सागर जी बंसल, श्री हरीश जी काला व सेवा प्रेरक श्री एम. वी कपूर थे। शिविर में 80 दिव्यांगो का पंजीयन हुआ। जिनमें से जोधपुर के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. एस एल गुप्ता ने 10 का ऑपरेशन के लिए चयन किया तथा बैंगलोर आश्रम के पी एण्ड ओ डॉ. श्री निवास ने14 दिव्यांगों के कृत्रिम अंग बनाने के लिए नाप लिए। अतिथियों ने 5 दिव्यांग को व्हील चेयर, 15 को ट्राईसाईकिल,4 को वैशाखी की जोड़ी और 06 को श्रवण यंत्र प्रदान किए। शिविर प्रभारी हरिप्रसाद लढढ्ढा ने अतिथियों का स्वागत किया।

जलगांव में सहायता शिविर

➲ संस्थान एवं जलगांव (महाराष्ट्र) जिला अग्रवाल संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 25 नवम्बर 2018 को श्री पांजरापोल संस्थान में जन्मजात पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए दिव्यांग जांच एवं ऑपरेशन चयन शिविर संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. एन.एस. चौहान थे। अध्यक्षता समाजसेवी श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने की। शिविर में विशिष्ट अतिथि अग्रवाल समाज के महामंत्री डॉ सुरेश जी अग्रवाल, अग्रवाल समाज जिला अध्यक्ष श्री पवन जी मित्तल, अग्रवाल महासभा संगठन सचिव श्री हितेष जी अग्रवाल, अग्रवाल महासभा अध्यक्ष एम. एम जी अग्रवाल, शाखा संयोजक सीताराम जी अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती अंशु जी अग्रवाल, महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती नैना जी अग्रवाल, अग्रवाल महिला संगठन सचिव श्रीमती सोनम निलेश जी अग्रवाल व डॉ. अमित एम. बाघले थे। शिविर में 140 दिव्यांगों का पंजीयन हुआ। जिनमें से पोलियो विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. बी. आर. शिन्दे व उनकी टीम ने जांच कर 69 का संस्थान में निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया। हरिप्रसाद लढढ्ढा व मुकेश त्रिपाठी ने अतिथियों का सम्मान किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

आईएसटीएम ग्रुप ने देखी नारायण सेवा

➲ भारत सरकार के आईएसटीएम इन्स्टीट्यूट ऑफ सेक्रेट्री ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट के 35 सदस्यीय ग्रुप ने 26 नवम्बर को नारायण सेवा संस्थान का अवलोकन कर स्वंयसेवी संस्थाओं की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया। यह समूह 83 लेवल 'ए' ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत उदयपुर आया था। जितेन्द्र भाटी के नेतृत्व में आए इस ग्रुप में केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के सचिव स्तर के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने निःशुल्क दिव्यांग सेवा कार्य, निःशक्त बच्चों की सेवा और रोजगार प्रशिक्षण आदि कार्यों का अवलोकन किया। ऑपरेशन के बाद स्वस्थ हुए, पूर्व पोलियोग्रस्त बच्चों व किशोर-किशोरियों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी, व सुखद भविष्य की कामना की। निदेशक वंदना जी अग्रवाल ने ग्रुप के सभी सदस्यों का मानव मदिर में अभिनन्दन कर उन्हें संस्थान का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर संस्थान साधिका वर्षा जैन, जया भल्ला व साधक हरीश शर्मा व दिलीप चौहान तथा संस्थान के ऑर्थोटिस्ट मानस रंजन साहू भी उपस्थित थे।

स्नेह मिलन

सेवा सारथियों का सम्मान

नारायण सेवा संस्थान की विभिन्न शहरों में स्थित शाखाओं के तत्वावधान में नवम्बर 2018 में आत्मीय स्नेह मिलन समारोह आयोजित किए गए। जिनमें दिव्यांगों की निशुल्क चिकित्सा एवं अन्य सेवा प्रकल्पों में सहयोगियों व दानदाताओं का अभिनन्दन किया गया।

➲ **इंदौर**

आनंद मोहन माथुर सभागृह इंदौर (म.प्र) में 18 नवम्बर 2018 को दिव्यांग टैलेंट शो एवं भामाशाह सम्मान व स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि श्री राजेश जी जोशी, श्री भागीरथ जी चौधरी, श्री महेन्द्र कुमार जी जैन, श्री कमल किशोर जी चौधरी, श्री पदमाकर सदाशिव जी, श्री जयनारायण जी चाण्डक थे। अतिथियों का स्वागत व दानदाताओं का सम्मान प्रभारी साधक श्री जितेन्द्र पटेल ने तथा संचालन श्री ओमपाल सीलन ने किया।

➲ **अलवर**

अग्रवाल धर्मशाला, अलवर (राज.) में 24 नवम्बर 2018 को भामाशाह सम्मान व स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रामगढ़ श्री ज्ञानदेव आहुजा जी व विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. सी मित्तल, श्री सुशील बंसल जी, श्री विष्णुदत्त गोयल जी, श्री खेमसिंह जी आर्य, श्री बी.डी शर्मा जी, श्री मोतीलाल जी खण्डेलवाल, श्री गिरिश जी गुप्ता, संस्था शाखाध्यक्ष श्री आर. एस वर्मा जी व प्रान्तीय प्रभारी धर्मपाल जी गर्ग थे। स्वागत श्री राजमल शर्मा ने किया।

कथा ज्ञान यज्ञ

समन्वय के प्रतीक हैं, शिव

जीव ही शिव हैं। शिव का अर्थ है कल्याण, जिन्होंने स्वयं विष पीकर मानवता को बचाया। हम भी शिव की तरह परोपकारी बनें। शिव का व्यक्तित्व हमें विविधताओं में समन्वय की सीख देता है। यह बात नारायण सेवा संस्थान की ओर से बरेली में 16 से 21 नवम्बर तक हुई श्री शिव महापुराण कथा में व्यासपीठ से श्री दीपक कृष्ण शंखधार महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि समाज में अनीति, अन्याय का विरोध कर सत्य के पक्ष में खड़े होना ही शिवत्व के मार्ग पर चलना है। उनकी जटा में जहां जल की प्रतीक गंगा है, वहीं अग्नि के प्रतीक त्रिनेत्र भी हैं। भगवान शिव थोड़ी सी भक्ति से ही प्रसन्न होकर भक्तों को सिद्धियां प्रदान करते हैं। शिव पुराण के श्रवण से भक्ति, भक्ति से प्रेम, प्रेम से सद्भाव और सद्भाव से भेदभाव मुक्त समाज का सृजन होता है। अज्ञान, अहंकार और पाशविक प्रवृत्तियों का नाश करने के लिए शिव पुराण जैसे ग्रंथों का मनन और मंथन जरूरी है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सत्संग चैनल पर किया गया। संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया।

जहां सद्बुद्धि, वहीं सतयुग

चरित्र तभी शुद्ध होगा जब मन शुद्ध हो,जब चरित्र शुद्ध होगा तो ईश्वर की प्राप्ति सहज हो जाएगी। अगर ज्ञान मार्ग से व्यक्ति भटक जाए तो उसका जीवन निरर्थक बन जाता है। यह बात नारायण सेवा संस्थान की ओर से इंदौर में 9 से 15 नवम्बर तक हुई भागवत कथा में व्यासपीठ से डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में जो बुराइयां हैं वे भागवत कथा श्रवण से दूर होंगी। वासनाओं के रहते भी प्राणी कभी प्रभु का सिमरन एवं सुख प्राप्त नहीं कर सकता। वासनाओं का त्याग ही परम सुख की प्राप्ति व मोक्ष देने वाला है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संस्कार चैनल पर किया गया। संचालन निरंजन शर्मा ने किया।

जीव मात्र के कल्याण की सोचे, वही संत

जीवन का हर फैसला भगवान पर छोड़ दें। वह हर समय आपकी रक्षा करेंगे। ईश्वर के सामने अपनी इच्छाएं रखें , लेकिन समय तय न करें। भक्ति में विश्वास कमजोर नहीं होना चाहिए। यह बात नारायण सेवा संस्थान की ओर से दिव्यांगों की निःशुल्क चिकित्सा के लिए चम्पारण (बिहार) में 2 से 4 दिसम्बर को आयोजित ''नानी बाई रो मायरो कथा''के समापन पर व्यासपीठ से राधास्वरुपा जया किशोरी ने कही। उन्होंने कहा कि जिस मनुष्य ने जन्म लेकर भी साधना, प्रभु भक्ति से विद्या, विनम्रता, दान, धर्म और सदाचार जैसे गुणों को नहीं अपनाया। ऐसा मनुष्य पशु के समान है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सत्संग चैनल पर हुआ। संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सेवायात्रा

झीनी-झीनी रोशनी (2)

